कालीन बुनाई प्रशिक्षण केन्द्र

7014. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय कालीन बुनाई प्रशिक्षण केन्द्रों की राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) क्या सरकार ऐसे प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षित व्यक्तियों को कालीन उद्योग स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी) : (क) देश में 31-3-95 तक विभाग द्वारा तथा अन्य संगठनों द्वारा चलाए जा रहे कालीन बुनाई प्रशिक्षण केन्द्रों को राज्यवार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है ।

(ख) तथा (ग) भारत सरकार राज्य निगमों, शीर्ष सहकारी समितियों और स्वैच्छिक संगठनों, जिनमें प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात् प्रायः रोजगार में लगा लिए जाते हैं, को शिल्प विकास केन्द्रों आदि के जरिए मशीन निवेश के लिए सहायता जैसे कि डिजाइन, विपणन सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करती है ।

विवरण

31.3.95 तक कालीन प्रशिक्षण केन्द्रों की राज्यवार संख्या

क्र. संख्या	राज्य का नाम	विभागीय	अन्य संगठनों द्वारा चलाए जा रहे	कुल
1.	उत्तर प्रदेश	138	19	157
2.	बिहार	34	—	34
3.	पश्चिम बंगाल	6	1	7
4.	मध्य प्रदेश	27	5	32
5.	आन्ध्र प्रदेश	19	1	20
6.	कर्नाटक	5	—	5
7.	तमिलनाडु	4	—	4
8.	राजस्थान	16	2	18
9.	हरियाणा	5	1	6
10.	पंजाब	5	10	15
11.	हिमाचल प्रदेश	3	—	3
12.	जम्मू तथा कश्मीर	175	—	175
13.	मणिपुर	—	1	1
14.	महाराष्ट्र	—	12	2
15.	गुजरात	—	7	7
16.	उड़ीसा	—	10	10
17.	अरुणाचल प्रदेश	—	1	1
			कुल :	497